## महत्वपूर्ण एवं खास

### होली पर अवैध शराब बिक्री करने की थी तैयारी, जुटमिल पुलिस भी थी तैयार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** होली त्यौहार में शुष्क दिवस होने से होली के दिन औने-पौने दामों में शराब कोचियों द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री की जाती है, जिस पर अंकुश लगाने के लिये थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा विशेष रूप से निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 07.03.2020 को चौकी प्रभारी जुटमिल अंजना केरकेट्टा को उनके मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि श्रवण ढाबा की ओर एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब प्लास्टिक के बैग में बिकी करने के लिये लेकर जा रहा है। इस सूचना को चौकी प्रभारी द्वारा पेट्रोलिंग पार्टी को बताते हुए कार्यवाही करने निर्देशित की, पुलिस पार्टी द्वारा श्रवण ढाबा के सामने बाबा धाम जाने वाले रोड में एक व्यक्ति को एक प्लास्टिक के थैला के साथ पकड़े। व्यक्ति ने अपना नाम महेश केंवट पिता स्व. चन्द्रशेखर केंवट उम्र 31 वर्ष सा0 आदर्श नगर चमडा गोदाम जुटमिल चौकी जुटमिल रायगढ का रहने वाला बताया जिसके पास से एक काटुन में 48 पाव गोवा व्हिसकी अंग्रेजी शराब कीमती 3840 रूपये का भरा हुआ मिला। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली चौकी मिल में अप.क्र. 231/2020 धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### कनकबीरा पुलिस एवं कोसीर पुलिस की जुआ रेड कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी कनकबीरा स्टाफ द्वारा दिनांक 07.03.2020 के रात्रि करीब 11.00 बजे राजपूत ढाबा के पास रोड किनारे , बिजली खम्भा के पास जुआ खेल रहे 1- प्रमोद ठाकुर पिता धरम सिंह उम्र 42 वर्ष सा0 डोमाडीह चौकी कनकबीरा, 2- दुर्गाशंकर पिता जगदीश पटेल उम्र 32 वर्ष सा0 बिजातीपाली थाना सरायपाली, 3- कृष्णा कुमार पिता लकेश्वर मालाकार उम्र 31 वर्ष सा0 डोमाडीह चौकी कनकबीरा, 4- सुशील चौहान पिता समारू उम्र 35 वर्ष सा0 तेलाईपाली थाना सरायपाली, 5-निरंजन पिता मंगलू मानिकपूरी उम्र 46 वर्ष सा0 परसापाली थाना सरायपाली, 6- गोकुल प्रसाद पिता मनबोध उम्र 45 वर्ष सा0 बिजातीपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद को घेराबंदी कर पकड़े जिनके पास से नगदी रकम 4100 रूपये, 52 पत्ती तास, एक पतला कम्बल जप्त किया गया है।

### कोरोना वायरस से बचाव हेतु राय शासन ने सार्वजनिक समारोहों के लिए जारी किए निर्देश

**» कलेक्टर निवास के होली मिलन समारोह को किया गया स्थगित**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** देश व प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में नोवेल कोरोना वायरस के कुछ प्रकरण संज्ञान में आने पर राय शासन द्वारा उक्त वायरस के संक्रमण के बचाव व रोकथाम हेतु व्यापक कदम उठाये जा रहे है। इस संबंध में सार्वजनिक समारोह आयोजित नहीं किए जाने संबंधी निर्देश भी राय शासन द्वारा जारी किया गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर निवास में आयोजित होने वाला इस वर्ष का होली मिलन समारोह उक्त निर्देश अनुसार स्थगित किया जाता है।

### मुख्यमंत्री 8 मार्च की शाम बिलासपुर जाएंगे: 9 मार्च को अमरकंटक और रतनपुर के दौरे पर जाएंगे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 8 मार्च को रायपुर से शाम 4.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 5 बजे बिलासपुर के सरकण्डा स्थित एसईसीएल हेलीपेड पहुंचेंगे। श्री बघेल वहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद छत्तीसगढ़ भवन में रात्रि विश्राम करेंगे। मुख्यमंत्री अगले दिन 9 मार्च को सवेरे 10 बजे बिलासपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 10.40 बजे मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के अमरकंटक स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। श्री बघेल अमरकंटक में मंदिर दर्शन करने के बाद स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 3 बजे रतनपुर पहुंचेंगे और वहां मंदिर दर्शन तथा स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री बघेल शाम 4.25 बजे रायपुर लौट आएंगे।

# अपने अधिकारों एवं जरूरतों के प्रति जागरूक बने महिलाएं-कलेक्टर

**» महिलाओं की उपलब्धि समाज में सभी के लिए होती है अनुकरणीय**

**» विश्व महिला दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित**




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर यशवंत कुमार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि आज महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। रायगढ़ जिले की बात करें तो यहां की महिलाएं खेल, कला, शिक्षा, साहित्य सभी क्षेत्रों में अपना अलग मुकाम हासिल कर रही है तथा उनकी उपलब्धियां समाज में सभी के लिए अनुकरणीय है। कलेक्टर यशवंत कुमार ने यह भी कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत जिले में किए जा रहे कार्य से लिंगानुपात में तेजी से सुधार हो रहा है। इसका श्रेय मुख्यत- महिलाओं की जाता है।

हालांकि कुछ मामले जैसे कुपोषण, घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीडऩ अभी भी समाज में व्याप्त है, जिनसे निपटने के लिए शासन-प्रशासन स्तर पर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता है तो महिलाओं को अपने अधिकारों तथा जरूरतों के प्रति जागरूक होकर अपनी आवाज बुलंद करने की तथा आत्मनिर्भर बनने व खुश रहने की। उन्होंने आगे महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा कि अपने पोषण एवं व्यक्तित्व विकास पर समुचित ध्यान दें। शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनने का पूरा प्रयास करें।

क्योंकि एक सुपोषित व सुशिक्षित महिला से पूरे परिवार की नींव मजबूत होती है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टी.के.जाटवर ने महिलाओं के संवैधानिक प्रावधान के साथ विकासवाद को जोड़ते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर जितना सामाजिक बंधन लगायेंगे उतना ही विकास बाधित होगा।

हमारे देश के संस्कृति, संविधान ने हमें जो दिया है उसे प्रोत्साहित करें तभी हम एक दूसरे के साथ आगे बढ़ सकते है। कलेक्टर यशवंत कुमार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनिता नायक, काजल विश्वास, समूह कार्यकर्ता रोहिणी पटनायक को उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भुवनेश्वरी चौहान ने ओ री चिरैया गीत पर प्रस्तुति दी। उन्हें भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रेडी टू ईट से विभिन्न व्यंजन बनाकर प्रस्तुत किया। जिसमें सीमा मिश्रा द्वारा रेडी टू ईट से बनाये रसमलाई को सर्वश्रेष्ठ व्यंजन घोषित करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## ओडिशा से मोटर सायकल पर गांजा लाते दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



**» आरोपियों से 10 कि.लो. गांजा व मोटर सायकल जप्त**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना डोंगरीपाली में नव पदस्थ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अजीब कुमार बेक एवं हमराह स्टाफ ए.एस.आई. गंगाराम भगत, आरक्षक किरण यादव, जगजीवन जोल्हे द्वारा दिनांक 07/03/2020 के सुबह करीब 11:00 बजे सोहेला बरमकेला मुख्य मार्ग बनहर मोड के पास बिना नम्बर मोटर सायकल हीरो सुपर स्प्लेण्डर काला रंग में आरोपी (1) दिनेश यादव पिता हरिराम उम्र 30 वर्ष (2) घनश्याम चन्द्रा पिता ठण्डाराम चन्द्रा उम्र 37 वर्ष दोनों निवासी ग्राम सिंघरा थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा को नाकेबंदी कर रोके और चेक किये जिनके पास बैग में 1-1 किलो पैकेट का 7 पैकेट तथा मोटर सायकल की डिक्की 1 किलो वाला 3 पैकेट जुमला 10 कि0ग्रा0 अवैध मादक पदार्थ गांजा किमती 50000 रूपये मिला।

पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकल हीरो सुपर स्प्लेण्डर काला रंग नीला, सफेद पट्टी बिना नंबर में सवार होकर गांजा लेकर सोहेला उडिसा मुख्य मार्ग से डोंगरीपाली मार्ग होते हुये बरमकेला की ओर जा रहे है। आरोपियों से मादक पदार्थ गांजा व मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना डोंगरीपाली में अप.क्र. 08/2020 धारा 20(बी)एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## टी.आई. जुटमिल ने मितानिन और महिला पुलिसकर्मी को की सम्मानित





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जूटमिल प्रभारी निरीक्षक अंजना केरकेट्टा द्वारा अपने चौकी क्षेत्र की सभी मितानिन को चौकी बुलाकर उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना कर उन्हें पेन, डायरी देकर सम्मानित की। साथ ही चौकी जूटमिल में कार्यरत महिला कर्मचारियों को भी पेन, डायरी वितरण कर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व टी.आई. अंजना केरकेट्टा द्वारा मितानिनों से उनके क्षेत्र की गतिविधियों के संबंध में चर्चा किया गया। टी.आई. केरकेट्टा द्वारा उन्हें क्षेत्र में नशा मुक्ति एवं महिला सशक्तिकरण पर मिलजुल कर कार्य करने के लिये प्रोत्साहित की। मितानिनों को बोली कि बच्चों की परीक्षाएं चल रही है अभी से शोर शराबे करने वालों को मना करें यदि नहीं मानते हैं तो पुलिस को सूचना देंवे तथा क्षेत्र की बच्चियों को समझावे की पढ़ाई के अलावा अन्य किसी बहकावे में ना आवे।



### कलेक्टर यशवंत कुमार ने जिलेवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आपसी सौहार्द्र व भाईचारे के त्यौहार होली के लिए जिलेवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। साथ ही लोगों से आग्रह किया है कि होली का त्यौहार शांतिपूर्वक व सुरक्षित तरीके से मनाएं, पानी के अपव्यय से बचे, हानिकारक रंगो व रसायनों का उपयोग न करें, सुखे रंगों व गुलाल के साथ पर्यावरण के अनुकूल होली खेले।

## गर्म पानी में झुलसे व्यक्ति की जिला अस्पताल में ईलाज दौरान मृत्यु

**» शादी कार्यक्रम में धक्का मुक्की में उबलते पानी में गिरा था वृद्ध, जांच पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध**

**» आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना घरघोड़ा अन्तर्गत ग्राम रेंगालबहरी में रहने वाले शोभित राठिया के छोटे बेटे छमेश राठिया का शादी कार्यक्रम उसके घर में चल रहा था कि दिनांक 03/03/2020 के दोपहर 03/30 बजे करीब गांव का परमानंद राठिया जो रिश्तेदारी में शोभित का भतीजा होता है , शोभित के बड़े लड़के रमेश कुमार राठिया को मडवा झरोनी का पैसा मुझे नही दिये हो कहकर झगडा विवाद कर रहा था जिसे शोभित राम आकर बीच-बचाव करने लगा। वहीं पास में चावल बनाने के लिए भट्ठा में कडाहा जिसमें गर्म पानी उबल रहा था उसमें परमानंद राठिया गुस्से में शोभित को धक्का दे दिया।

जिससे शोभित काफी झुलस गया जिसका दिनांक 07/03/2020 के रात्रि करीब 01/00 बजे ईलाज दौरान जिला अस्पताल रायगढ में मृत्यु हो गया। घटना के संबंध में मृतक के लड़के रमेश कुमार राठिया के रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में आरोपी परमानंद राठिया के विरूद्ध अप.क्र. 45/2020 धारा 302 भादंवि पंजीबद्ध कर आरोपी परमानंद राठिया पिता चंद्र मोहन सिंह राठिया उम्र 45 साल निवासी ग्राम रेंगालबहरी थाना घरघोड़ा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया।

## विश्व महिला दिवस के कार्यक्रम में अपनी धर्म पत्नी के साथ शामिल हुए एसपी संतोष सिंह

**» लोगों को पुरुषवादी सोच बदलने की आवश्यकता पुलिस अधीक्षक रायगढ़**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनाँक 8 मार्च 2020 को जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपनी धर्मपत्नी श्रीमती वंदना सिंह के साथ पहुंचे पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं, पुलिसकर्मियों एवं स्टूडेंट पुलिस कैडेट्स को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। शहर के नटवर बहू-उद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मां सरस्वती के प्रतिमा के समीप दीप प्रज्वलित कर छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह की पत्नी श्रीमती वंदना सिंह द्वारा उपस्थित महिलाओं, बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बोली कि आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां महिलाएं अपनी काबिलियत ना दिखा रही हो, आज की महिलाएं जमीन में ही नहीं आसमान में भी उड़ रही है। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा महिलाओं के प्रति अपने विचार व्यक्त कर बोले की हमारे समाज में हमारे पालन पोषण के दौरान ही पुरुषवादी सोच भर दी जाती है। आज समाज में पुरुषवादी सोच बदलने की आवश्यकता है, वर्तमान समय में बहुत कुछ बदल गया है लेकिन इसमें और सुधार की आवश्यकता है। आज भी इतने कठोर कानूनों के बावजूद रूढ़ीवादी धारणाओं के कारण बच्चियों को जन्म लेने नहीं दिया जाता है बहुत कुछ बदला है पर और बदलना है। उन्होनें कहा कि कुछ के मन में यह आता है कि महिलाएं शारीरिक रूप से कमजोर है किंतु जैसाकि आज महिलाएं हर क्षेत्र में दमखम दिखा रही है उससे यह बात गलत साबित हो रहा है कहीं से भी महिलाएं शारीरिक रूप से पुरुषों से कम नहीं है वरन मानसिक रूप से महिलाएं पुरुषों से अधिक सशक्त होती है। प्रथम महिला आई.पी.एस. अधिकारी श्रीमतीकिरण बेदी का उदाहरण दिए और बोले कि महिला और पुरुष समाज के गाड़ी के दो पहिए के समान हैं।

**» महिलाओं के सम्मान को उनके अधिकारों और स्वावलंबन से जोडऩा शासन की प्राथमिकता**

## छत्तीसगढ़ की नारी के हम सब है आभारी-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**» बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अंतर्गत रायगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों को मुख्यमंत्री ने सराहा**

**» मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं**

**» महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सुना लोकवाणी**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 8 वीं कड़ी में महिलाओं को बराबरी के अवसर पर' प्रदेशवासियों से अपने विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को सद्भाव एवं सौहार्द्र के त्यौहार होली की शुभकामनाएं भी दी। कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में बड़ी संख्या में महिलाओं ने लोकवाणी के प्रसारण को उत्साहपूर्वक सुना।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रेडियोवार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ में स्त्री-पुरूष अनुपात राष्ट्रीय औसत से बेहतर है, रायगढ़ जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सराहनीय कार्य किए जा रहे है। महिलाओं के आगे बढऩे के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गत सवा साल से छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने यह प्रयास किया है कि महिलाओं के सम्मान को उनके अधिकारों एवं स्वावंलबन से जोड़ा जा सके। शासन की ऐसी पहल महिलाओं की पक्ष में तेजी से सकारात्मक बदलाव लाती है। हमने जहां-जहां महिलाओं को जिम्मेदारियां दी है, उसका सफल निर्वहन कर महिलाएं सफलता की कहानी लिख रही है। महिलाओं के पोषण पर उन्होंने कहा कि कुपोषण व एनीमिया नक्सलवाद व आतंकवाद हमले से यादा नुकसानदायक है। गांधी जयंती से प्रारंभ मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में गर्भवती, शिशुवती व अन्य महिलाओं सहित लगभग साढ़े पांच लाख हितग्राहियों को अतिरिक्त पोषण आहार व गर्म भोजन दिया जा रहा है। इसके अलावा पूरक पोषण आहार, महतारी जतन योजना भी संचालित है। इसके चलते कुपोषण की दर में कमी की खबरें मिलनी शुरू हो गई है।

## 48 पाव गोवा व्हिसकी अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोसीर स्टाफ द्वारा दिनांक 07.03.2020 के शाम ग्राम बरदुला में मुखबिर सूचना पर जुआ रेड कार्यवाही किया गया। कुछ जुआडियान पुलिस को देखकर भाग गये, जुआ फड पर आरोपी 1. हीरालाल बरेठ पिता फिरतलाल बरेठ उम्र 40 वर्ष 2. बीरूदास महंत पिता सहेत्तरदास महंत उम्र 29 वर्ष 3. प्रहलाददास महंत पिता सहेत्तरदास महंत उम्र 35 वर्ष सभी बरदुला थाना कोसीर 4. जीतराम भारती पिता हरिशचंद भारती उम्र 18 वर्ष ग्राम तिलाईदादर थाना कोसीर पकड़े गये जिनके फड एवं पास से नगदी रकम 2960 रूपया, 52 पत्ती तास एवं एक प्लास्टिक बोरी जप्त किया गया है। जुआ फड पर पकड़े गये आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

# महिला पुलिसकर्मी व पुलिस परिवार के 105 महिलाएं निशुल्क जांच से हुई लाभान्वित







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज 8 मार्च को फोग्स संस्था एवं राज्य पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में महिला पुलिसकर्मी एवं पुलिस परिवार की 15 से 60 वर्ष की आयु के बीच महिलाओं की गंभीर समस्या ब्रेस्ट कैंसर व सर्वाइकल कैंसर व अन्य महिला संबंधी रोगों की जांच हेतु शिविर लगाया गया था। पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ डी.एम. अवस्थी द्वारा राज्य के 9 जिलों में स्न्नह्लस्ढ्ढ संस्था के माध्यम से महिला पुलिसकर्मी एवं पुलिस परिवार की महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर लगाने पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया था, जिस पर आज 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज के सामने स्ष्टा अस्पताल में सुबह 9:00 बजे से 14:00 के तक निःशुल्क जांच एवं परामर्श महिला रोग विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर सभी थाना/चौकी में कार्यरत महिला स्टाफ को शिविर का लाभ उठाने निर्देशित किये थे तथा रक्षित निरीक्षक रायगढ़ अमरजीत सिंह खूंटे द्वारा रक्षित केंद्र उर्दना एवं पुरानी पुलिस लाइन, हुडको कॉलोनी में शासकीय बसें भेज कर अधिक से अधिक पुलिस परिवार की महिलाओं को स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया गया, जिस पर करीब 105 महिलाएं एवं युवतियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य शिविर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के द्वारा चिकित्सकों एवं उनके स्टाफ का आभार व्यक्त किए एवं आगे भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे जिसमें भी इसी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी बताए।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-